धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सप्त सिंधु परिसर - II में रेड रिबन क्लब एवं समाज कार्य विभाग की ओर से टी. बी मुक्त भारत अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस मौके पर समाज कार्य विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ. शशि पूनम ने बताया कि इस प्रतियोगिता मे समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों के अलावा दृश्य कला विभाग के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. श्वेता शर्मा, सह संयोजक डॉ. जयकांत सिंह एवं समन्वयक विवेक दत्ता और दिनेश ठाकुर मौजूद रहे ।